## कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।

E-mail Address : dfo-chatranorth@gov.in, Phone No. : 06541-296022


**पत्रांक :** 190 **दिनांक :** 28.01.2021

सेवा में,

सुनिल कुमार, प्रबंधक,
संचरण अवर प्रमंडल,
झारखण्ड उर्जा संचरण नि0 लि0, चतरा।

**विषय :–** **मौजा– बोड़ा में प्रस्तावित 132/33 के.वी. ग्रिड सबस्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वनभूमि के दुगूणा क्षतिपुरक वनरोपण हेतु मौजा–कुजरम के भूमि का सत्यापन के सम्बंध में।**

**प्रसंग :–** आपका पत्रांक 182 दिनांक 05.12.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के सम्बन्ध में सूचित करना है कि मौजा– बोड़ा में प्रस्तावित 132/33 के.वी. ग्रिड सबस्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वनभूमि–4.04 हे0 के दुगूणा क्षतिपुरक वनरोपण हेतु उपलब्ध कराई गई ग्राम– कुजरम, थाना/थाना नं0– प्रतापपुर/155, प्लॉट संख्या– 05, रकवा– 20.00 एकड़ भूमि का सत्यापन सहायक वन संरक्षक, प्रमंडलीय कार्यालय एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी, कुन्दा प्रक्षेत्र द्वारा स्थलीय जांच कराया गया, जिसमें निम्न तथ्य पाए गए:–

1. अपयोजित वनभूमि के बदले क्षतिपुरक वनरोपण हेतु प्रस्तावित मौजा–कुजरम के प्लॉट संख्या– 05, रकवा– 20.00 एकड़ भूमि पर ग्रामीणों द्वारा 90 से 95 प्रतिशत भूमि को फसल लगाकर अतिक्रमित किया गया है, तथा एक आधा–अधुरा पक्का मकान का भी निर्माण किया गया है, (छायाप्रति सलंग्न)
2. अतिक्रमित भूमि पर क्षतिपुरक वनरोपण किया जाना सम्भव नहीं है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में मौजा– कुजरम में चिन्हित प्लॉट संख्या– 05 रकवा– 20.00 एकड़ भूमि पर क्षतिपुरक वनरोपण हेतु योग्य नहीं है। अतः अन्यत्र अथवा अतिक्रमण मुक्त कराकर भूमि उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

**अनु0:–यथोक्त**


28/01/2021

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

28/01/2021



C:\Users\hp\Downloads\Map Sec. Forward 19-20.docx


Latitude: 24.212858
Longitude: 84.590229


Latitude: 24.21279
Longitude: 84.590296